तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 22 सितंबर 2025

12 मुख्यमंत्री ने शहीद नरेंद्र सिंह सिंधु और पंकज राणा...



12 देश में राहुल गांधी अशांति फैलाना चाहते हैं : कंडेला



दीन दयाल जन आवास योजना

# DEEN DAYAL AWAS YOJNA
(Under Affordable Plotted Housing Policy 2016, Govt. of Haryana)

## 2/3 BHK LUXURY FLOORS
## IN RERA APPROVED TOWNSHIP

GURGAON MOST PROMISING ADDRESS SECTOR-35, SOUTH OF GURUGRAM

33% RESERVED FOR WOMEN & GOVT. EMPLOYEES




## Pay ₹31,000 for Registration
Amount is Fully Refundable to unsuccessfull applicants

26th SEPTEMBER IS THE LAST DAY OF REGISTRATION

Unit Allocation Date
2nd October 2025 (Thursday)

### PAYMENT PLAN

| Type | Area in (Sq. Ft.) | Area in (Sq. mtr.) | Registration Amount | Payment Within 5 Days | Payment Within 15 Days | 10% Within 30 Days | 20% Within a Month | 60% On Possession | Total Basic Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3BHK+3T | 1503 | 139.63 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 12,69,000 | ₹ 18,00,000 | ₹ 36,00,000 | ₹ 1,08,00,000 | ₹ 1,80,00,000 |
| 3BHK+2T | 1215 | 112.87 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 9,19,000 | ₹ 14,50,000 | ₹ 29,00,000 | ₹ 87,00,000 | ₹ 1,45,00,000 |

Any other charges levied by the Govt. & GST as applicable*

ATS to be executed after completion of 30% of payment

Most Trusted | Quality Construction | Timely Possession | Excellent Customer Service | Great Partnerships | Reputed | Transparent

### ADVANTAGES
- Bang on Gurgaon - Sohna Expressway
- In Close Vicinity of 15000+ upcoming residential Units
- Close to Educational Hub and Schools like GD Goenka World School, K.R. Manglam, SCJ Academy etc.
- 30 Mins Drive from IGI Airport
- 20 Mins Drive from Cyber City
- 7 Mins Drive from Proposed Metro Rail Corridor
- 15 Mins Drive from Rajiv Chowk

### SPECIFICATIONS
- Modular Kitchen - Chimney - HOB
- 1 Room Fully Furnished for Kids - AC in All Rooms
- Geyser (All Washrooms & Kitchen)
- Wardrobes in All Rooms
- Wooden Flooring in Master Bedroom
- False Ceiling in All Rooms
- 1 Year Maintenance Included

### AMENITIES


Basketball Court


Yoga Lawn


kids Play Area


Badminton Court


Outdoor Gym


Club House

## For Online Registration
www.haryanadeendayalawasyojna.com
Call: +91-92112-82697

Scan QR Code with Google lens For Online Registration

## खबर संक्षेप

### डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन का शिलान्यास

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज कैथल के वार्ड 5, खुराना रोड पर लक्ष्मी विहार कॉलोनी में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र और हरियाणा की भाजपा सरकार पर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के अधिकारों को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया।

### चिकित्सालय को दवाइयाँ व चोकर दान किया

**पूंडरी ।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर-पूंडरी ने समाजहित में अनुकरणीय पहल करते हुए शिव गो चिकित्सालय में दवाइयाँ और दो कट्टे चोकर भेंट किए। इस सेवा कार्य को लेकर परिषद सदस्यों ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताया और कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सहयोग व करुणा की भावना को और मजबूत करते हैं। परिषद अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने कहा कि गौसेवा हमारे संस्कारों का अहम हिस्सा है और परिषद हमेशा इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से समाज को प्रेरित करती रहेगी।

### पौधे रोपकर स्वच्छता अभियान चलाया

**कैथल।** हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम, ट्रैफिक नियमों की जानकारी, नशा मुक्ति, साफ-सफाई और पौधारोपण जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशन में कैथल जिले के सभी थाना-चौकियों, पुलिस लाइन और अपराध शाखाओं के पुलिस कर्मचारियों ने श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान चलाया।

### राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कैथल।** 21 सितंबर 2025 को डीएवी मैनेजिंग कमेटी के तत्वावधान में ओ.एस.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में राज्य स्तरीय डीएवी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं डी.ए.वी खेल हरियाणा तृतीय क्लस्टर की प्रभारी अंजु तलवाड़, डी.ए.वी पुलिस पब्लिक स्कूल, जींद की प्रधानाचार्या रजनी यादव,डी.ए.वी पब्लिक स्कूल, चीका के प्रधानाचार्य राकेश, डीएवी पब्लिक स्कूल सीवन की प्रधानाचार्या डॉ. मीना मेहता द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा डीएवी गान के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

### होटल मे मारपीट मामले में एक नामजद

**जींद।** गांव मनोहरपुर के निकट होटल में मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति का नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सुभाष नगर निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव मनोहरपुर के निकट होटल में गया हुआ था। उसी दौरान उसकी राकेश के साथ कहासुनी हो गई।

*पवित्र सरोवर में डुबकी लगा कर की मोक्ष की कामना*

# सर्वपितृ अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

**मेले में श्रद्धालुओं ने जमकर की खरीददारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाभारत कालीन ऐतिहासिक तीर्थ पांडू पिंडारा में रविवार को सर्वपितृ अमवस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके करके तर्पण किया। सनातन धर्म में श्राद्ध का विशेष महत्व माना जाता है लेकिन अगर किसी को अपने पितरों की पुण्यतिथि याद न हो तो इस स्थिति में सर्वपितृ श्राद्ध अमावस्या के दिन उन पितरों का श्राद्ध किया जा सकता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन श्राद्ध किए जाने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर शनिवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। रविवार को अल सुबह से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्यदेव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। पिंडारा तीर्थ पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी की। तीर्थ पर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़ें लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए सामान खरीदे। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस्या के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है।



पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



पिंडतारक तीर्थ पर स्नान करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**दोपहर तक लगा रहा श्रद्धालुओं का आवागमन**

*अमावस्या पर स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सरोवर पर पुलिस कर्मियों को यातायात नियंत्रण के लिए तैनात किया गया था। भीड़ को देखते हुए पिंडारा तीर्थ पर पुलिसकर्मियों की स्पेशल डयूटी को लगाया गया था।*

महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं।

## विधायक ने 37 किलोमीटर लंबी सड़कों की मरम्मता का किया शुभारंभ

# सफीदों विधानसभा क्षेत्र की आठ सड़क परियोजनाओं के सुधारीकरण का कार्य शुरू

**सुधारीकरण पर खर्च होंगे 20 करोड़ 54 लाख रुपये**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के विधायक रामकुमार गौतम ने गांव सरनाखेड़ी में विधानसभा क्षेत्र की 20 करोड़ 48 लाख 54 हजार रुपये की लागत से बनने वाली 37 किलोमीटर लंबी आठ विभिन्न सड़कों के विशेष मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का रविवार को नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। विधायक रामकुमार गौतम ने कार्यक्रम में तीन करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सफीदों रोड से डिडवाडा तक सड़क, 59.66 लाख रुपये की लागत से खरकगादिया से तेल्लीखेड़ा, दो करोड़ 24 लाख की लागत से निम्नाबाद से खातला सड़क, 58.84 लाख रुपये की लागत से बागड़ू से राजा वाली सड़क, लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से हरिगढ़ से रामनगर सड़क, दो करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से बनने वाली पानीपत-सफीदों रोड से भुसलाना, आठ करोड़ 57 लाख रुपये से हाट से भंभेवा सड़कों की विशेष मरमत और सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास किया तथा दो करोड़ सात लाख रुपये से अधिक से रामपुर से सिंघाना तक की सड़क का पुनर्निर्माण किया जाएगा।

जो टेंडर अलॉट हो गए हैं, उनका काम समयबद्ध तरीके से पूरा करवाया जाएगा।उन्होंने जनता का आह्वान किया कि सड़कों को अपनी संपत्ति समझ कर इनकी सुरक्षा में सरकार का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने और इस सपने को साकार करने के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना बहुत जरूरी है। यह परियोजनाएं उस विजन को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर गांव के सरपंच रमेश भारद्वाज, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, जिला पार्षद रामफल कश्यप, पूर्व सरपंच ईश्वर दत्त गौतम, धनपत दास, विनोद कौशल, रोहताश शर्मा, रामपाल मोरखी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक। फोटो : हरिभूमि

**इन सड़कों का होगा सुधारीकरण**

*विधायक ने कहा कि इनके अलावा आठ करोड़ रुपये की लागत से सफीदों नर्सिंग कॉलेज की नई बिल्डिंग का निर्माण का कार्य किया जाएगा तथा जमनी गांव में लड़कियों के कॉलेज के नए भवन का निर्माण भी किया जाएगा। विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि सफीदों विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन पर जो विश्वास जताया हैए उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इन सड़कों के निर्माण से विधानसभा वासियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा इससे विधानसभा क्षेत्र की तरक्की में भी योगदान होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता नही किया जाएगा और निर्माण मानकों का सख्ती से पालन किया जाएगा।*

**पैसे की कमी से विकास कार्य नहीं रुकेंगे: विधायक जांबा**

# 1.38 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास



**कैथल ।** विधायक सतपाल जांबा बच्ची के हाथों विकास कार्यों का शिलान्यास करवाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने हल्के के कई गांव में रविवार को 1.38 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। जांबा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूंडरी हलके में करोड़ों रुपये से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि हमारा हलका विकास की दृष्टिगत चमक उठे। गलियां, नालियां, चौपालों, सामुदायिक केंद्र के साथ-साथ बिजली, पानी, स्वास्थ्य आदि मूलभूत सुविधाएं आमजन तक पहुंचाई जा रही है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ भी पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। विधायक सतपाल जांबा ने हल्के के गांव जांबा में 7 लाख रुपये बनने वाली गली, फतेहपुर में 68 लाख रुपये की लागत से 50 फुटा रोड, रमाणा-रमाणी में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गुरु ब्रह्मानंद कम्युनिटी सेंटर, डीग में 6 लाख रुपये से बनाई जाने वाली गली, ढुलयानी में 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नाले, ढांड में 10 लाख रुपये की लागत से खेड़ी वाली चौपाल का होगा निर्माण।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सरपंच लाभ सिंह जांबा, नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, ब्लाक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश बरसाना, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, सोहनलाल सरपंच, जगदीश क्वात्रा, दीपक नंद्राजोग, डॉ बलविंद्र मैहला, भाजपा नेत्री निधि मोहन, अरुण गुलाटी, सन्नी गौतम व गांव के सरपंच भी मौजूद थे।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना मानव सेवा सबसे बड़ा धर्मः विधायक



**कैथल ।** पंजाब के लिए खाद्य सामग्री के ट्रक को हरि झंडी दिखाकर रवाना करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गांव टयोंठा स्थित लाडो फार्म से पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री से भरे ट्रकों को हल्का विधायक सतपाल जांबा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ हमारी पूरी संवेदनाएं हैं। जनसेवा ही हमारा परम धर्म है और हर संभव सहायता के लिए हम सदैव लोगों के साथ खड़े हैं। लगभग 12 टन खाद्य सामग्री, जिसमें आटा, चावल, दाल, चीनी, नमक और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं, को ट्रक में लोड कर पंजाब के अति बाढ़ प्रभावित इलाकों में भेजा गया। विधायक जांबा ने कहा कि संकट और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में मानव और प्राणियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करने का आह्वान किया।

## हास्य कवि सम्मेलन 27 सितम्बर को भाई उदय सिंह किला पर : रामप्रताप

- महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अग्रवाल युवा सभा कैथल के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने आज अग्रवाल युवा सभा कार्यालय, कमेटी चौक कैथल में प्रेस वार्ता कर महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जयंती समारोह को और अधिक भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि 22 सितम्बर 2025 को प्रातः 7:15 बजे अग्रवाल युवा सभा कार्यालय में हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। 26 सितम्बर 2025 (शुक्रवार) को दोपहर 12:30 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।



**कैथल ।** अग्रवाल युवा सभा कैथल के प्रधान रामप्रताप गुप्ता सदस्यों के साथ

**!!!!**

*मुख्य सह सचिव हिमांशु गोयल ने बताया कि 27 सितम्बर को कवि सम्मेलन के साथ-साथ एक भव्य मेगा लकी ड्रॉ भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 6 अलग-अलग इनाम निकाले जाएंगे। वहीं कार्यक्रम स्थल पर भी एक और ड्रॉ में भाग लेने के लिए प्रत्येक महिला को विशेष फ्री कूपन दिया जाएगा तथा इनाम केवल ड्रॉ के समय उपस्थित महिलाओं को ही प्रदान किए जाएंगे जिसमें इनाम में 5 एलइडी शामिल है। इस अवसर पर अग्रवाल युवा सभा कैथल प्रधान रामप्रताप गुप्ता, चेयरमैन रामकुमार बंसल, वरिष्ठ उप प्रधान संजय बंसल, महासचिव मोहनलाल गुप्ता, मुख्य सह सचिव हिमांशु गोयल, कोषाध्यक्ष सुभाष बंसल, दीपक गर्ग, अनिल गर्ग व अन्य अग्रबन्धु उपस्थित रहे।*

## सेवानिवृत्त शिक्षक डॉ. राजा सिंह को सेंट जॉन एसोसिएशन ने किया सम्मानित

- उपलब्धियां सामाजिक प्रेरणा का आधार होती हैं: डॉ. राजपाल पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

सेवा, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. राजा सिंह झींजर को बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन में नाम दर्ज होने पर सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन भारत द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजपाल पूनिया ने उन्हें फूल माला और मिठाई से स्वागत करते हुए प्रशंसा पत्र, मेडल, स्मृति चिन्ह व अन्य सम्मान सामग्री प्रदान की। सम्मान यूरोपीय यूनियन हेड डॉ. आइवन गसीना की ओर से भेजा गया। डॉ. पूनिया ने कहा,उपलब्धियां सामाजिक प्रेरणा का आधार होती हैं। डॉ. झींजर की कर्तव्यनिष्ठा, लगन और ईमानदारी से आज उनका नाम न केवल क्षेत्र में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है।

डॉ. झींजर ने शिक्षा विभाग में इतिहास प्राध्यापक के रूप में कार्य करते हुए प्रशासनिक व सामाजिक कार्यों में भी सराहनीय योगदान दिया है। उन्हें पूर्व में उपमंडल, जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी गोल्ड व सिल्वर मेडल्स से नवाजा जा चुका है।



गुहला चीका डॉ. राजपाल पूनिया द्वारा डॉ. राजा सिंह झींजर को सम्मानित करते हुए अन्य गणमान्य लोग ।

**भाजपा नेताओं व अधिकारियों से की मुलाकात, जल्द होगा निर्माण**

# अधर में लटकी कपूरी ठाकुर लाइब्रेरी स्थल का किया दौरा

**निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की ग्रांट भी जारी हो चुकी थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने रविवार को कैथल के चंदाना गेट के पास स्थित अधर में लटकी जननायक कपूरी ठाकुर मैमोरियल लाइब्रेरी के स्थल का दौरा किया। यह वही लाइब्रेरी है जिसका शिलान्यास 4 दिसंबर 2021 को तत्कालीन विधायक लीलाराम कैथल द्वारा किया गया था। इसके निर्माण के लिए 11 लाख रुपये की ग्रांट भी जारी हो चुकी थी, लेकिन तकनीकी अड़चनों के कारण परियोजना पिछले चार वर्षों से ठप पड़ी हुई है। निरीक्षण के दौरान राह ग्रुप फाउंडेशन, चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने पुस्तकालय कमेटी के सदस्यों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और प्रकरण की गंभीरता को समझते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह योजना केवल कागजों में सिमटकर न रहे, बल्कि इसे प्राथमिकता से पूरा किया जाए। दौरे के समय उनके साथ भारतीय जनता मजदूर संघ परिषद (बीजेएमएससी) के नरेंद्र दिनोदिया, कैथल कोर कमेटी के जिलाध्यक्ष खुशपाल सैन, सूबे सिंह सेलपाड़, एडवोकेट गौरव सैन, राहुल खुराना, राजेंद्र सैन ढोलिया, डॉ. सुरेंद्र सिंदूरिया, गौरव सैन पाडला सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।



**कैथल ।** के चंदाना गेट के पास कपूरी ठाकुर मैमोरियल लाइब्रेरी स्थल का निरीक्षण करते चेयरमैन नरेश सेलपाड़ और अन्य पदाधिकारी।

**प्रकृति के अनुरूप बनेगी लाइब्रेरी**

राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि निर्माण कार्य के दौरान आसपास मौजूद पेड़ों को काटने या उखाड़ने के बजाय संरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि जयपुर और चंडीगढ़ में कई भवन ऐसे मॉडल पर बनाए गए हैं जहां प्राकृतिक सौंदर्य को सुरक्षित रखा गया है। यदि कैथल में भी यही तरीका अपनाया जाए तो यह लाइब्रेरी शिक्षा और पर्यावरण दोनों का संगम बनेगी। उनका कहना था कि विद्यार्थी यहाँ पढ़ाई के साथ-साथ हरियाली और शांति का अनुभव करेंगे।

**पूर्व विधायक लीलाराम से भी की मुलाकात**

निरीक्षण के बाद चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने भाजपा के पूर्व विधायक लीलाराम से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने आग्रह किया कि वे भी इस विषय पर पहल करें ताकि वर्षों से अधर में लटका यह प्रोजेक्ट जल्द शुरू हो सके। उन्होंने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत कर मामले की गंभीरता से अवगत करवाया।

# पंजाब में बाढ़ के मामले की जांच होनी जरूरी



भाकियू नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल कैथल में किसानों से बातचीत करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल पहुंचे भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के अध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि पंजाब में बाढ़ के मामले की जांच होनी चाहिए कि यहां बाढ़ आई है या लाई गई है।

उन्होंने कहा कि बाढ़ आने से लेकर 10 दिन तक केंद्र और प्रदेश सरकार चुप रही। जांच करके ऐसे व्यक्ति की पूरी संपत्ति जब्त की जानी चाहिए, जिसने दोनों प्रदेशों में इतना नुकसान किया है। डल्लेवाल रविवार को किसान नेता होशियार सिंह गिल के निवास पर पहुंचे थे। डल्लेवाल ने कहा कि जिस तरीके से सभी सरकारों का एक ही एजेंडा है कि कार्पोरेट को ऊपर कैसे लाना है और किसानों को मजदूर बनाकर कार्पोरेटरों को सस्ती लेबर कैसे उपलब्ध करवाना है। इसी पर सरकारें काम कर रही हैं।

## कृष्ण कुमार नंबरदार बने उपप्रधान



**कैथल।** कलायत में आयोजित नंबरदारों की बैठक

कलायत। कलायत तहसील के नंबरदारों की बैठक में संगठन पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा राम बढ़सीकरी ने की। इसमें संगठन की मजबूती, नंबरदारों की मांगों एवं एसोसिएशन के अन्य विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। नंबरदार एसोसिएशन उप प्रधान धीरा नंबरदार की दो माह पूर्व हुई मृत्यु पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में उनकी मृत्यु से रिक्त हुए पद पर कृष्ण कुमार नंबरदार बालू को उपप्रधान पद पर नियुक्त किया गया। इसी तरह से नंबरदार राधेश्याम भट्ट को संगठन का प्रवक्ता नियुक्त किया गया। बैठक में उपमंडल के शहर एवं गांवों से आए नंबरदार मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में आने वाला इनेलो का : अनिरूध खटकड़

**उचाना।** युवा इनेलो प्रदेश महासचिव अनिरूध खटकड़ ने कहा कि 25 सितंबर को रोहतक में मनाई जाने वाले चौ. देवीलाल की जयंती समारोह में उमड़ी भीड़ प्रदेश में बढ़ी इनेलो, अभय सिंह चौटाला की लोकप्रियता का प्रमाण होगी। आज बिना चुनाव निरंतर इनेलो में शामिल हो रहे दूसरी पार्टियों के नेताओं से साफ संकेत है कि प्रदेश के आने वाला कल इनेलो का है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जिस दिन किसी ने किसी जिले में दूसरी पार्टी छोड़ कर नेता, कार्यकर्ता इनेलो में शामिल नहीं हो रहे हो। ये संकेत है कि भाजपा के विकल्प के रूप में प्रदेश का मतदाता इनेलो को अब से चुन चुका है। कांग्रेस से लोगों को मोहभंग हो चुका है।

### जरूरतमंद लोगों को खाना खिलाया

**जींद।** नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, उनकी पत्नी सीमा भोला, बेटे कार्तिक ने अपने परिवार के साथ जयंती देवी मंदिर के निकट जरूरतमंदों को खाना खिलाया। यह कार्यक्रम रोटी रथ द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस मौके पर सुरेंद्र चौहान, सुभाष चंद्र अनेजा, राजकुमार गोयल, राजकुमार भोला, विनोद कुमार, कमलेश, ऊषा, रितेन, अषर्ति, निशु मौजूद रहे। डा. भोला ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे समर्थन, मार्गदर्शन और प्रेम के आधार स्तंभ होते हैं।

### नशा हर रूप में व्यक्ति के लिए भयंकर बीमारी

**जींद ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति के महत्व पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. संजय पंवार रहे। जिन्होंने अपने विचारों से सभी को प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा किसी भी रूप में व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए एक भयंकर बीमारी की तरह है। नशे की चपेट में आने वाला व्यक्ति न केवल अपने जीवन को बर्बाद करता है बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी घातक साबित होता है।

### सुझावों को प्राथमिकता देगा इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट

**जींद ।** इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट द्वारा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में छात्रों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने युवाओं से सीधा संवाद किया और शिक्षा, रोजगार, खेल एवं विश्वविद्यालय की बुनियादी सुविधाओं जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में छात्रों ने खुलकर अपने सुझाव और समस्याएं सामने रखीं। संगठन के जिम्मेदार सदस्यों ने छात्रों को भरोसा दिलाया कि उनके सुझावों और समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा हर स्तर पर उनकी आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा।

### नौकरी के नाम पर पांच लाख रुपये हड़पे

**जींद ।** सरकारी नौकरी लगवाने तथा ट्रांसफर करवाने का झांसा देकर पांच लाख हडपने पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चंद्रलोक कालोनी निवासी दर्शन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पास गांव टिटोली निवासी सुभाष सोलंकी अक्सर जाता रहता था। खुद को पीएम सकेत मोर्चा का पदाधिकारी बताते हुए अपना आई कार्ड भी दिखाता था। सुभाष ने बताया कि उसकी सरकार में अच्छी जान पहचान है। वह नौकरी लगवा सकता है। आरोपित के झांसे में आ कर उसने तथा चार अन्य मोहल्ले के जानकारों को नौकरी लगवाने के लिए आठ जुलाई से 14 अगस्त तक आरोपित को पांच लाख रुपये दे दिए। बावजूद इसके किसी को नौकरी नही मिली। जब उन्होंने रुपये वापस मांगे तो आरोपित ने लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

## भक्तों की पुकार सुनती है माता

# आज से शुरू हो होंगे माता के शारदीय नवरात्र

**खास बातें**

- घटस्थापना मुहूर्त सुबह छह बजकर 09 मिनट से लेकर आठ बजकर 06 मिनट तक
- अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




**जींद।** नवरात्र पर्व को लेकर भव्य तरीके से सजाया गया ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर। व नवरात्र पर्व को लेकर भव्य तरीके से सजाया गया मां जयंती का दरबार।

हिंदू पंचांग के अनुसार अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को शारदीय नवरात्र शुरू होते हैं। नवरात्र के नौ दिनों के दौरान मां के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गा इस दौरान अपने भक्तों की पुकार जरूर सुनती हैं और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। इस बार शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो रहे हैं। शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर बाजार मां भगवती को अर्पित किए जाने वाली सामग्री से सजे हुए हैं। रविवार को श्रद्धालुओं ने दुकानों से लाल चुनरी, नारियल, श्रृंगार, प्रसाद को खरीदा। इसके अलावा शहर के सभी मंदिरों के बाहर प्रसाद तथा फलों की दुकानें भी सज गई हैं।

**नवरात्र पर्व को लेकर सजे मंदिर, दिनभर श्रद्धालुओं तथा प्रबंधनों ने की सफाई**

नवरात्रों के मध्य नजर ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर, सोमनाथ मंदिर, माता वैष्णवी धाम, प्राचीन भूतेश्वर मंदिर, रघुनाथ मंदिर में नवरात्र पर्व को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिरों को सजाया गया है और उन पर रंग बिरंगी बिजली की लड़ियां लगाई गई हैं।

### जयंती देवी मंदिर की विशेष महत्ता

हांसी ब्रांच नहर के निकट स्थित जंयती मंदिर प्राचीनतम मंदिरों में से एक है। यहां पर विजय की देवी मां जयंती की पूजा अर्चना की जाती है। चैत्र तथा शारदीय नवरात्रों पर यहां मेले का आयोजन होता है। नवरात्रों के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु जयंती देवी मंदिर में पूजा अराधना कर अपने तथा परिवार के मंगलमय की कामना करते हैं। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि जयंती देवी मंदिर निर्माण से अनेक कथाएं जुड़ी हैं। सागर मंथन के दौरान जब असुरों ने देवताओं से अमृत कलश छीन लिया था तो राजा जयंत ने अमृत कलश लेने के लिए यहां मां जयंती की मूर्ति स्थापित का अराधना की थी।

### शुभ योग में घटस्थापना करें भक्त

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि वैदिक पंचांग गणना के अनुसार शारदीय नवरात्र पर घटस्थापना मुहूर्त सोमवार को सुबह छह बजकर 09 मिनट से लेकर आठ बजकर 06 मिनट तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 49 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 38 मिनट तक रहेगा। श्रद्धालु इन दोनों शुभ योग समय में घटस्थापना कर मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं। दो अक्टूबर को दशहरा पर्व होगा। इस दिन श्रद्धालुओं को पूरे दस दिन मिलेंगे। घट स्थापना यानी मिट्टी का घड़ा, चांदी, अष्ट धातु, पीतल या आदि धातु का कलश इसे नवरात्रि के प्रथम दिन शुभ मुहूर्त में ईशान कोण में स्थापित किया जाता है। इसके लिए सबसे पहले थोड़ी सी मिट्टी डालें और फिर इसमें जौं डालें। फिर एर परत मिट्टी की बिछाएं। एक बार फिर जौं डालें। फिर से मिट्टी की परत बिछाएं। अब इस पर जल का छिड़काव करें।

### जानकार बनकर दस लाख का चूना लगाया

**जींद ।** विदेश में रह रहा जानकार बनकर खुद को मुसीबत मे बता एक व्यक्ति को दस लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया है। गांव जीतगढ़ निवासी हवा सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका जानकार विदेश में रहता है। गत आठ सितंबर को उसके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सअप कॉल आई। जिसने परिवार का हाल चाल जाना। फिर खुद का वीजा खत्म हाने की बात कह कर खुद को मुसीबत मे बताया। फिर उसने रुपये डलवाने की बात कह कर खाता नंबर ले लिया और राशि खाते में डलवाने की रसीद भी भेज दी। फिर राशि को एक एजेंट को देने को कहा। एजेंट की कॉल आने की बात भी कही। कुछ समय के बाद उस एजेंट की कॉल भी आ गई। जिस पर उसने राशि कुछ राशि को डाल दिया।

## हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष करेंगे शुभारंभ, महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा को मिलेगा बढ़ावा

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार उठाने जा रही महत्वपूर्ण कदम**

# 25 सितंबर को लॉन्च होगी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना एप, सभी जिलों में होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसके तहत प्रदेशभर में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना मोबाइल एप्लीकेशन लागू की जाएगी। यह योजना 25 सितंबर से सभी जिलों में लागू होगी और इस ऐप के माध्यम से पात्र महिलाएं निशुल्क डिजिटल रजिस्ट्रेशन कर सकेंगी। रविवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में एडीसी विवेक आर्य ने लघु सचिवालय सभागार में योजना के सफल क्रियान्वयन और जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक से पहले सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. जी. अनुपमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि 25 सितंबर को जिला नागरिक अस्पताल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्णलाल मिड्ढा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार उपमंडल और ब्लॉक स्तर पर भी जागरूकता शिविर और पंजीकरण कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे। जिनमें महिलाओं की 13 तरह की बीमारियों जैसे एनीमिया, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं, मानसिक स्वास्थ्यए पोषण, मेटरनिटी हाइपरटेंशन, टीबी आदि की जांच की जाएगी। साथ ही सरल और आधार कैंप भी लगाए जाएंगे ताकि पात्र महिलाओं को योजना का रजिस्ट्रेशन करवाने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला को प्रतिमाह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।



**जींद।** मीटिंग की अध्यक्षता करते एडीसी।

### 25 सितंबर का दिन महिलाओं के लिए विशेष

एडीसी ने जिला की सभी पात्र महिलाओं से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर का यह दिन महिलाओं के लिए विशेष दिन साबित होगा। क्योंकि यह पहल उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ समाज में उनके सम्मान को भी नई दिशा देगी। उन्होंने सभी विभागों से आपसी तालमेल और समन्वय बनाकर योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारियाए डीडब्लूओ नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ये महिलाएं पात्र नहीं

*योजना की अपात्रता के बारे में एडीसी ने बताया कि यदि महिला पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना, विधवाओं और निराश्रित महिलाओं को वित्तीय सहायता आदि का लाभ ले रही है तो वह इस योजना के लिए पात्र नहीं होगी। इसी प्रकार यदि महिला को किसी सरकारी या स्थानीय निकाय से कोई अन्य भत्ता मिल रहा हो या वह किसी सरकारी विभागध्संस्थान में नियमित अथवा संविदा आधार पर कार्यरत हो, और उसके परिवार की आय निर्धारित सीमा से अधिक हो तो भी वह लाभ नहीं उठा पाएगी।*

### जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी आयोजित होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने बताया कि आगामी 25 सितंबर को माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला से दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करेंगे। वहीं जिला स्तर व उप मंडल स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी संबंधित अधिकारी इन कार्यक्रमों की तैयारियों शुरू कर दें। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं और मौके पर ही पात्र महिलाओं का पंजीकरण करवाया जाए। पंजीकरण पूरी तरह से निशुल्क रहेगा। इस योजना के अंतर्गत हर पात्र महिला को 2100 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता सीधे उसके बैंक खाते में दी जाएगी।

डीसी प्रीति रविवार को लघु सचिवालय के विडियो कांफ्रेंस रूम में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहीं थीं। इससे पहले अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी प्रीति ने कहा कि इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नागरिक अस्पताल कैथल में किया जाएगा। वहीं गुहला एवं कलायत उपमंडल पर भी नागरिक अस्पतालों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी प्रीति ने सीईओ जिला परिषद को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम स्थलों का दौरा करके सभी तैयारियां करवाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम स्थलों पर रजिस्ट्रेशन डेस्क लगाने के साथ साथ सरल केंद्र व आधार संबंधित डेस्क भी लगाएं जाएं।




डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

### ये महिलाएं हैं योजना की पात्र

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ वही महिलाएँ ले पाएंगी, जिनकी उम्र 23 वर्ष या उससे अधिक है। जिनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए और जो स्वयं या उनके पति पिछले 15 वर्षों से हरियाणा में रह रहे हैं। विशेष बात यह है कि एक ही परिवार की एक से अधिक महिलाएं भी इस योजना का लाभ ले सकती हैं। हालाँकि, जो महिलाएं पहले से किसी अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन या वित्तीय सहायता योजना (जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि) का लाभ ले रही हैं, सरकारी सेवा में कार्यरत हैं या आयकरदाता हैं,

# रक्त की चंद बूंदें जीवन बचाने में अहम

- प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर नेकी का घर संस्था व मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवी संस्था 'नेकी का घर' और मंडल अध्यक्ष प्रवीण रसूलपुर द्वारा संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता ज्योति सैनी ने की। इस मौके पर सरकारी रेडक्रॉस ब्लड बैंक की टीम ने करीब 40 रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया प्रवीण रसूलपुर द्वारा उन्हें बैज व प्रमाणपत्र भेंट किए गए। रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हुक्म सिंह मैहला ने कहा, रक्त की चंद बूंदें किसी का जीवन बचाने में अहम हो सकती हैं। रक्तदान से शरीर में कोई कमी नहीं आती, बल्कि नया रक्त बनने से शरीर और अधिक स्वस्थ रहता है। उन्होंने आमजन से नियमित रक्तदान करने की अपील की।



**गुहला चीका।** रक्तदानी को बैज लगते प्रवीण रसूलपुर।

### पिस्तौल के बल पर ठेके से नगदी तथा शराब लूटी

**जींद।** गांव गुरथली में बीती रात बाइक सवार लुटेरों ने असलहा के बल शराब ठेका सेल्जमेन को काबू कर चार हजार रुपये की नगदी तथा पांच बोतल शराब की लूट ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। शराब ठेका सेल्जमेन की शिकायत पर सदर थाना पुलिस तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गुरथली निवासी सुखराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के शराब ठेके पर सेल्जमैन का कार्य करता है। बीती रात शराब ठेके पर बाइक सवार तीन युवक आए। एक युवक बाइक पर बैठा रहा।

# इन हाऊस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एसडी पब्लिक स्कूल नरवाना में सीण्बीण्एसण्ईण द्वारा अध्यापकों के लिए इन हाऊस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 84 अध्यापकों को रिसोर्स पर्सन वर्षा शर्मा एवं जयश्री गर्ग ने सक्रिय अध्ययन एवं हैप्पी क्लॉस रूम विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जिसमें बताया गया कि बच्चों को गतिविधियां, खेलकूद एवं प्रेरक कहानियों के माध्यम से शिक्षा दी जाएए इसके लिए अध्यापकों को नए.नए तरीके सुझाएए जिससे कि बच्चे भविष्य में उन्हें अपना करियर बनाने के लिए लाभ मिल सके। विद्यालय प्राचार्या अनिता मलिक ने रिसोर्स पर्सन जयश्री गर्ग एवं वर्षा शर्मा का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया और कहा कि सीबीएसई द्वारा अध्यापकों के लिए आयोजित इन हाऊस प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में लाभदायक साबित होंगे। आधुनिक परिवेश में नई शिक्षा नीति के अनुसार किस प्रकार शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच परस्पर तालमेल एवं सामंजस्य से शिक्षा की नई ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है।



एसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित इन हाऊस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले अध्यापक प्रिंसिपल अनिता मलिक के साथ।



### गंदा पानी भरने से आना-जाना हुआ मुश्किल

**उचाना।** के किसानों को जान जोखिम में डालकर खेत में आना-जाना पड़ रहा है। एसटीपी के पास बने उचाना कलां के अंडरपास के पीछे जो बड़ौदा की तरफ रास्त जाता है वहां पर सीवरेज का गंदा पानी रास्ते में भरने से खेत में आना-जाना मुश्किल हो गया है। यहां पर पानी भरने से दलबल हो गई है। शासन से लेकर प्रशासन तक किसान गुहार लगा चुका है अब किसान को सीएम से ही इस समस्या के स्थाई समाधान की आश है। प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत करने के बाद सीएम विंडो में शिकायत करके थक चुके किसान ने अब सीएम नायब सिंह सैनी को समाधान के लिए शिकायत भेजी है। किसान सुरेंद्र श्योकंद, ईश्वर श्योकंद, प्रदीप, संदीप ने बताया कि एसटीपी से आगे जो अंडरपास है उसके पीछे से बड़ौदा की तरफ उसके खेतों में रास्ता जाता है। यहां पर सीवरेज का गंदा पानी कच्चे रास्त में भरने से दलदल बनी है तो यहां पर बिना बाढ़ के ही बाढ़ जैसे हालात रास्ते में बने हुए है। कई बार तो खेत में आते-जाते समय ट्रैक्टर-ट्राली पलटते-पलटते बचे है। अब धान की कटाई के बाद उसे मंडी में लाने के समय भी परेशानी होगी। यहां पर कई बार ट्रैक्टर-ट्राली को नुकसान भी हो चुका है।

## हिंदू कन्या महाविद्यालय में एनईपी 2020 फ्यूचर करियर च्वाइसेज पर वेबीनार

**इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करना**

# एनईपी 2020 भारत में 34 साल में पहला बड़ा शिक्षा सुधार : निहारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा एनईपी 2020 फ्यूचर करियर च्वाइसेज विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने एवं संचालन लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डा. रचना दलाल ने आइक्यूएसी इंचार्ज डा. गीता गुप्ता के निर्देशन में किया। वेबीनार में मुख्य प्रवक्ता की भूमिका सीबीएसई रिसोर्स पर्सन निहारिका दलाल ने निभाई। निहारिका ने व्याख्यान को शुरुआत में नई राष्ट्रीय नीति क्या है के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 भारत में 34 साल में पहला बड़ा शिक्षा सुधार है। इसकी मुख्य विशेषता लचीलापन कौशल विकास एवं बहुविषयक शिक्षा तथा उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करना है। यह नीति एक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा में मल्टीप्ल एंट्री एवं एग्जिट देती है। जैसे उच्च शिक्षा के समय यदि वह एक वर्ष के बाद पढ़ाई छोड़ता है तो एक वर्षीय सर्टिफिकेट, दो वर्ष बाद पढ़ाई छोडऩे पर दो वर्षीय डिप्लोमा, तीन वर्ष बाद तीन वर्षीय स्नातक डिग्री, 4 वर्ष बाद स्नातक के साथ रिसर्च अर्थात रिसर्च केंद्रित एडवांस्ड डिग्री प्राप्त करता है एवं विद्यार्थी अपने बीच में छोड़ी पढ़ाई को शुरुआत से शुरू किए बिना दोबारा शुरू कर सकता है।



कार्यक्रम में भाग लेते हुए छात्राएं व स्टाफ।

### शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दिया

निहारिका ने कहा कि एनईपी विद्यार्थी केंद्रित, लचीली एवं ग्लोबल स्टैंडर्ड पॉलिसी है। नीति की मल्टीडिसीप्लिनरी अप्रोच ने एक विद्यार्थी को एक साथ भिन्न क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर दिया है। जैसे आर्टस का विद्यार्थी साथ में कॉमर्स का विषय एवं कॉमर्स एंड साइंस का विद्यार्थी आट्र्स का विषय अपने विषयों के साथ पड़ सकता है। इस प्रकार यह नीति बहुमुखी निपुणता आधारित शिक्षा देती है। इसके अतिरिक्त यह इंटर्नशिप, रिसर्च एक्सपोजर और नवाचार के अवसर प्रदान करती है।

**खबर संक्षेप**

### भाजपा-कांग्रेस से जनता का मोहभंग: माजरा

**कैथल।** पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती पर रोहतक में आयोजित होने वाली सम्मान दिवस रैली अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी और रिकार्ड तोड़ रैली साबित होगी। माजरा आज अपने आवास पर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों में जयंती को लेकर बड़ा उत्साह है।

### नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**सीवन।** श्री राम मंदिर के पुजारी वीरेंद्र पांडे ने बताया कि मां भगवती के नवरात्रे आज 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहे हैं। इस पावन पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह का वातावरण है। मंदिरों में भव्य साज-सज्जा और अलौकिक छटा से माहौल भक्तिमय हो चुका है। अखंड ज्योत प्रज्वलित करने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और कई श्रद्धालु अपने घरों में भी अखंड ज्योत प्रज्वलित करेंगे।

### सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन की हुई बैठक

**उचाना।** पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में नवनियुक्त सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन की मीटिंग हुई। एमिनेंट पर्सन मुकेश सुदकैन, सतीशा देवी, सुरेंद्र नंबरदार सुदकैन, शमशेर सैनी नगूरां, सुरेंद्र कश्यप बड़ौदा पहुंचे। सभी ने कहा कि सीएम विंडो में जो-जो शिकायत आएगी उनका अधिकारियों के साथ बैठकर जल्द से जल्द सुलझाने का काम करेंगे।

### कल कैथल की अदालतों में कामकाज बंद रहेगा

**कैथल।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे बार रूम में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट सचिन सिंघल ने बताया कि इस मौके पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग मुख्य अतिथि होंगे और समारोह की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा करेंगे।

### नगूरां पीएचसी पहुंचेंगे विधायक देवेंद्र अत्री

**उचाना।** सेवा पखवाड़ा के तहत निरंतर मंडलस्तर पर भाजपा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। भाजपा नेता सुरेंद्र खरकभूरा ने बताया कि 17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से सेवा पखवाड़ा मनाने की शुरूआत हुई थी जो 2 अक्टूबर रहेगी। 22 सितम्बर को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीएचसी नगूरां में पौधरोपण विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री करेंगे।

### नवरात्रों की पूर्व संध्या पर भक्ति से महका आंगन

**सीवन।** गृहिणी संतोष रानी ने कहा सांझी उत्तर भारत की लोकभक्ति का जीवंत रूप है। नवरात्रों की पूर्व संध्या पर कन्याएं गोबर, मिट्टी और कभी-कभी हल्के रंगों का उपयोग कर दीवारों पर सुंदर आकृतियां बनाती हैं। इन आकृतियों को फूलों, रंगों और रेशमी कागज से सजाकर मां दुर्गा के स्वागत की तैयारी की जाती है।

## सैनिकों के घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनों को बंधाया ढाढस

# मुख्यमंत्री ने शहीद नरेंद्र सिंह सिंधु और पंकज राणा को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद/कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को जिला कैथल के रोहेड़ा गांव में शहीद लांस नायक नरेंद्र सिंह सिंधु (28) व कलायत में नायक स्व. पंकज राणा (24) के घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने परिवारजनों से मुलाकात की और उनका ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने दोनों सैनिकों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और शोक संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि बहादुर सैनिक नरेंद्र सिंह सिंधु कुलगांव में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए। उन्होंने गोली लगने के बावजूद आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया। वहीं, भारतीय सेना में नायक पद पर तैनात पंकज राणा का सड़क हादसे के बाद 9 सितंबर को इलाज के दौरान निधन हो गया। नायक पंकज 11 साल से भारतीय सेना की 51 इंजीनियरिंग रेजीमेंट श्रीनगर के द्रास सेक्टर में तैनात थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों सैनिकों ने देश के लिए कुर्बानी दी। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों सैनिकों ने देश के लिए कुर्बानी दी।**



**कैथल।** मुख्यमंत्री नाबय सिंह सैनी गांव रोहेड़ा और कलायत में शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### मौके पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नरेंद्र सिंधु के परिजनों में उनके पिता दलबीर सिंह सिंधू, माता रोशनी देवी, भाई वीरेंद्र सिंह, राजकुमार, रामकुमार, धीरा, कर्म सिंह, विक्रम के अलावा नायक पंकज के पिता शमशेर, बड़े भाई रवि सहित अन्य परिजनों से मुलाकात की। वहीं इस मौके पर जिला अध्यक्ष भाजपा ज्योति सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार गुर्जर, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, भाजपा नेता अजीत चहल, मुनीष शर्मा, जिला प्रशासन में डीसी प्रीति, एसपी करनाल गंगा राम पूनिया, एसडीएम अजय सिंह एवं अजय हुड्डा, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण, पूर्व सैनिक वेल्फेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी, गांव के पूर्व सैनिकों के अलावा भारी संख्या में गांव वासी मौजूद थे।



**कलायत।** सैनिक पंकज राणा के परिवार से मुलाकात करते सीएम नायब सिंह सैनी।

#### सैनिक सदैव परिवार, समाज और राष्ट्र की पूंजी होते : नायब सिंह सैनी

***कलायत।*** *कलायत में इंजीनिरिंग रेजिमेंट के जांबाज सैनिक पंकज राणा के निधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पीड़ित परिवार को सात्वंना देने पहुंचे। उनके साथ वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, मेघराज राणा, मेनपाल राणा, जयदीप राणा, डा.प्रीतम कौलेखां, अजीत चहल, सुमन राणा, राहुल राणा, अजय प्रताप, रमेश दूंढवा, नगर पालिका पार्षद व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। सीएम से बातचीत करते हुए सैनिक के किसान पिता शमशेर ङ्कषसह भावुक हो उठे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सैनिक सदैव परिवार, समाज और राष्ट्र की पूंजी होते हैं। दुख की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह सैनिक परिवार के साथ है। उन्होंने सैनिक के माता-पिता के साथ-साथ भाई, पत्नी व तीन वर्षीय आर्यन से भी मुलाकात की। परिवार को हौसला देते हुए कहा कि कुशल सैनिकों के खोने से देश को अपूरणीय क्षति होती है। दीगर है कि छुट्टी पर आए सैनिक पंकज राणा 20 सितंबर को सडक़ हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिंदगी और मौत की जंग के पश्चात 9 सितंबर को सैनिक का निधन हो गया था। उसी समय से राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक संगठनों के साथ-साथ 36 बिरादरी द्वारा सैनिक को श्रद्धांजली देने का सिलसिला जारी है।*



**जींद।** डिप्टी स्पीकर के साथ टेकराम कंडेला। *फोटो: हरिभूमि*

## वोट चोरी व संविधान के नाम पर

# देश में राहुल गांधी अशांति फैलाना चाहते हैं : कंडेला

- लोग कांग्रेस की बांटने वाली राजनीति को समझ चुके

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि वोट चोरी व संविधान को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं। इस तरह के बयान देकर देश में अशांति फैलाना चाहते हैं। नेपाल में जो अशांति चल रही है, ऐसा बयान देकर राहुल गांधी ने भारत देश में भी आग लगाने की कोशिश की है। प्रदेश के युवा को उन्नती व प्रगति की पटरी से उतारना चाहते हैं ताकि देश में किसी प्रकार का विकास न हो सके और शांति ना रहे लेकिन आज देश का हर नागरिक इस बात को समझ चुका है कि कांग्रेस पार्टी का ना तो कोई जनाधार रहा है और आने वाले समय में पार्टी टूट कर पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। इस पार्टी की न तो कोई नीति हैं और न ही कोई कार्यक्रम है। कांग्रेस पार्टी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से गिरी हुई है। इस पार्टी में किसी भी प्रकार का कोई अनुशासन नही है। कंडेला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है और भारत की सभी सीमाएं चारों ओर से सुरक्षित हैं। दिन प्रतिदिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की गति की ओर बढ़ रहा है।

#### योजनाएं बताई

प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी व हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा कंधे से कंधा मिला कर हरियाणा प्रदेश को विकास की गति को ओर आगे लेकर जा रहे हैं। कंडेला ने कहा कि जिला जींद में डा. मिड्ढा के नेतृत्व में जींद के सभी रास्तों को हाइवे से जोड़ कर व जींद में धन्ना भगत पीजीआई बना कर एक ऐतिहासिक कार्य किया है। इसका आने वाले समय में लोगों को बहुत बड़ा लाभ होगा। जिसकी ओपीडी भी शुरू कर दी गई है। कंडेला ने बताया कि हरियाणा के डिप्टी स्पीकर ने उनके निवास स्थान कंडेला पर आकर जलपान किया और लोगों की समस्याएं सुनी व गांव में सार्वजनिक काम करवाने का आश्वासन दिया।

# दिनेश कवात्रा को वकीलों ने दी बधाई

- दिनेश कवात्रा एडवोकेट हाईकोर्ट बार काउंसिल की प्रशासनिक कमेटी का को-ऑप्टेड सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल जिला बार एसोसिएशन के सदस्य एवं अनुभवी अधिवक्ता दिनेश कवात्रा को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार काउंसिल की प्रशासनिक कमेटी का को-ऑप्टेड सदस्य नियुक्त किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके लंबे समय से समर्पित कानूनी सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। यह नियुक्ति चंडीगढ़ में आयोजित एक भव्य समारोह में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज जैन द्वारा उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर की गई। इस अवसर पर एडवोकेट दिनेश कवात्रा ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त कर आभार जताया।



**कैथल।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज जैन दिनेश कवात्रा को नियुक्ति पत्र सौपते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### दिया आश्वासन

एडवोकेट कवात्रा ने विशेष रूप से यह भी कहा कि वह वकीलों की मूलभूत समस्याओं जैसे चैंबर की कमी और पार्किंग की सुविधा के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य न केवल वकीलों की समस्याओं को उठाना है, बल्कि उन्हें हल करने के लिए ठोस कार्यवाही करना भी रहेगा।

### पंजीकरण बंद होने से बढ़ रही परेशानियां

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन की बैठक रविवार को जिला प्रधान जोगिंद्र ईगराह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन संदीप जाजवान ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र ने कहा कि मौजूदा सरकार मजदूर विरोधी नीतियों पर चल रही है। राजनीति ही तय करती है कि मजदूरों की हालत कैसी होगी ।

हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने रोहतक में विश्वकर्मा पूजा के नाम पर कार्यक्रम किया लेकिन निर्माण मजदूरों और कारीगरों के लिए कोई राहत नही दी गई। बैठक में गंभीर चिंता जताई गई कि निर्माण मजदूरों का पंजीकरण बंद होने से उन्हें कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्र

- प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में सेवा पखवाड़ा के तहत रविवार को भाजपा शहरी मंडल ने जेडी 7 पर स्थित रोहिल्ला धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया। मंडलाध्यक्ष गुलशन रोहिल्ला की अध्यक्षता में लगाए रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट तिजेंद्र ढुल, विधानसभा डिप्टी स्पीकर प्रतिनिधि रूद्राक्ष मिड्ढा रहे। शिविर में 51 यूनिट रक्त की एकत्रित हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 अक्टूबर से दो अक्टूबर को गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान पार्टी की तरफ से जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वच्छताए पौधारोपणए रक्तदान शिविर जैसे कार्य शामिल हैं। स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। इस अवसर पर डा. राज सैनी, बबलू गोयल, मनीष गोयल, अमित भारतीय, कृष्ण रोहिल्ला, प्रदीप सैनी, अनिल सैनी मौजूद रहे।



**जींद।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल।

### श्री रामा भारतीय कला केंद्र के मंच पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित



**नरवाना।** नरवाना की पुरानी अनाज मंडी में श्री रामा भारतीय कला केंद्र के मंच पर गत रात्रि एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित एक नाटक का शानदार मंचन किया गया। श्री रामा भारतीय कला केंद्र के मंच पर रामलीला शुरू करने के पूर्व शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ नगर के प्रसिद्ध बाबा गैबी साहब मंदिर के महंत अजय गिरी महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कला केंद्र व आसपास से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी।

### स्वच्छता में होता है भगवान का वास: हीरालाल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा की ओर से चलाई जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुहना में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में संस्थान के स्टाफ सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के इंचार्ज हीरालाल शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि निदेशालय के आदेश अनुसार संस्थान में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है।

# सेवा पखवाड़ा के तहत साफ-सफाई से स्वच्छता का संदेश



**कैथल।** राजकीय आईटीआई गुहना में सफाई अभियान चलाते स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

#### नशा मुक्ति की शपथ

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों को नशा मुक्ति और स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। संस्थान के कर्मचारी गुरदेव सिंह, कुलदीप सिंह, सुरेश कुमार, मनीषा ढुल, अंकित नायडू आदि रहे।

# गोदाम में लगी आग से 20 लाख का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

गांव अमरहेड़ी के निकट कैथल रोड पर शिवा ट्रेडर्स प्लास्टिक सामान के गोदाम में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाडियां, डायल 112 कर्मी तथा आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गोदाम मालिक को लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान हो चुका था। गांव अमरहेड़ी के निकट कैथल रोड पर पवन ने प्लास्टिक सामान का गोदाम खोला हुआ है। यहां प्लास्टिक की दूध की टंकी, प्लास्टिक का सारा सामान रखा हुआ था।

**फायर ब्रिगेड की दो गाडियां, डायल 112 कर्मियों ने पाया आग पर काबू**



**जींद।** गोदाम में लगी आग की जानकारी देते हुए पवन। *फोटो: हरिभूमि*

### पीएम श्री लोधर स्कूल का किया एसडीएम ने निरीक्षण

**उचाना।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधर में एसडीएम दलजीत सिंह एवं खंड शिक्षाअधिकारी पुष्पा रानी ने विद्यालय का निरीक्षण किया। दोपहर भोजन योजना, खेल मैदान, विज्ञान की प्रयोगशालाएं, कक्षा कक्ष, पुस्तकालय एवं विद्यार्थियों द्वारा की गई सभी एक्टिविटी का निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने विद्यार्थियों के साथ विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की। विद्यार्थियों ने मोबाइल के दुरुपयोग के बारे में लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। सरकार द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत विद्यालय द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में सफाई व्यवस्था उच्च स्तर की मिली। एसडीएम ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर दोपहर का भोजन भी किया। एसडीएम ने कहा कि गुरूजनों एवं माता-पिता का हमें हमेशा कहना मानना चाहिए एवं बच्चों को संस्कारवान होने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस मौके पर प्राचार्य बीके दत्त, कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र सिंह, हैड टीचर सतविंद्र श्योकंद मौजूद रहे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**राहत** | पीआर धान का इस वर्ष सरकारी रेट 2289 रुपये

# आज से शुरू होगी अनाज मंडियों में पीआर धान की सरकारी खरीद

**धान खरीद: 2020 क्विंटल 1509 किस्म का धान पहुंचा मंडी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिलेभर की अनाजमंडियों में धान खरीद का कार्य सोमवार से शुरू होगा। खरीद कार्य से पहले मंडियों में फसल लेकर आने वाले किसानों के लिए सभी सुविधाओं के दावे किए गए हैं। जिले की जींद, नरवाना व सफीदों की मंडी में धान की आवक शुरू हो चुकी है। अभी तक खरीद नहीं होने से किसानों को डर था कि मंडी में धान बेचने के लिए कितना इंतजार करना होगा। शहर की अनाजमंडी में शनिवार को पीआर धान लेकर किसान पहुंचे। मंडी में 260 किंव्टल पीआर धान तो 1509 की 170 किंव्टल की आवक हुई। अब पीआर धान को लेकर किसानों को उम्मीद है कि सोमवार को उनकी धान सरकारी रेट पर खरीदी जाएगी। जबकि धान 1509 को प्राइवेट बोली पर किसान बेचेंगे।



**जींद।** मंडी में सुखाने के लिए रखी गई धान फसल। *फोटो: हरिभूमि*

#### फिलहाल धान में नमी 22 प्रतिशत, होनी चाहिए 17 प्रतिशत

मशीन से किसान धान को कटवा कर ला रहे हैं। इसके चलते इसमें नमी की मात्रा ज्यादा है। धान खरीद के लिए नमी की मात्रा 17 प्रतिशत होनी चाहिए। जबकि मंडी में आने वाली पीआर धान में फिलहाल 22 प्रतिशत से ज्यादा नमी है।

#### यहां होगी खरीद

प्रदेश सरकार जिल के क्षेत्र अलेवा, बरटा, छातर, धमतान साहिब, गढ़ी, जींद, जुलाना, खरल, मंगलपुर, नगूरां, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, सफीदों, उचाना, दनौदा, काब्रच्छा गांव की मंडी में धान की सरकारी खरीद की जाएगी।

**पेयजल, सफाई और शौचालय की व्यापक व्यवस्था**

जिला की अनाज मंडी में प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की हुई है। किसानों को धान बेचने में कोई परेशानी न आए। इसके लिए पेयजल की व्यवस्था, सफाई, सड़क मरम्मत और शेड के नीचे रखे सामान को भी हटा दिया है। वहीं स्ट्रीट लाइट भी ठीक करवा दी गई है।

**क्यूआर कोड को दिखा कर सीधा होगी एंट्री**

पहले किसानों को गेट पास के लिए अनाज मंडी के चक्कर लगाने पड़ते थे। लाइन भी लंबी लगती थी। जिसके चलते मंडी में आवक के दौरान अव्यवस्था बन जाती थी। जिससे समय के साथ किसान का अतिरिक्त खर्च करना पड़ता था।

### रामलीला का हुआ शुभारंभ

- डिप्टी स्पीकर ने रामलीला की महत्ता से करवाया अवगत

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने शनिवार को जींद में ऐतिहासिक किले वाली रामलीला का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रामलीला की सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को इसके महत्व से अवगत करवाया। डा. मिड्ढा ने कहा कि रामलीला न केवल एक धार्मिक आयोजन है बल्कि यह समाज को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों और मूल्यों से जोडऩे का एक सशक्त माध्यम है।